महिलाओं ने किया ईसर-गणगौर का पूजन

शान से निकाली गणगौर की सवारी, माता की झांकी देखने के लिए उमड़े लोग

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। उपखंड क्षेत्र में सोमवार को गणगौर का पर्व धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर महिलाओं और कुंवारी युवतियों द्वारा सज -संवरकर सामूहिक रूप से ईसर-गणगौर का पूजन किया गया कुंवारी युवतियों ने अच्छे वर की और महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना की वहीं दोपहर बाद शाम को प्रमुख मार्गों से होकर ईशर गणगौर माता की राजसी ठाठ -बाट से सवारी निकाली गई। महिलाएं और युवतियां सज धज करके नए परिधानों में गणगौर माता के दर्शन करने के लिए पहुंची थी जहां उन्होंने मेले का आनंद लिया और जमकर नृत्य भी किया। गौरतलब है कि नवविवाहिताएं और महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना और परिवार में सुख समृद्धि बनी रहे हमेशा मंगल रहे इसके लिए 16 दिनों तक मां गणगौर की पूजा अर्चना करती है और आखिर में आज मां गणगौर का कुएं, तालाब, या बावड़ी में विसर्जन कर देती है। वहीं पर निकटवर्ती ग्राम पंचायत सीमारला जागीर में भी डीजे के साथ मां गणगौर की सवारी निकाली गई।

शाही लवाजमे के साथ निकाली ईशर-गणगौर की सवारी

मॉर्निंग न्यूज @ खाटूश्यामजी। राजस्थान के महा लोक पर्व गणगौर महोत्सव का समापन आज मां गणगौर की शाही सवारी निकलने के साथ ही संपन्न हो गया। पिछले 16 दिनों से चल रहा गणगौर पूजन भी आज विसर्जन के साथ ही संपन्न हुआ। कस्बे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से शाही लवाजमे के साथ रथ पर बैठाकर ईश्वर गणगौर की सवारी निकाली गई, तोरण गेट के पास पारीक हाउस से गणगौर की सवारी गाजे बाजे के साथ शुरू हुई। जगदीश पारिक ने जानकारी देते हुए बताया कि मां की शाही सवारी रोडवेज डिपो, अस्पताल चौराहा, गढ़ धर्मशाला, मस्जिद के पास से मुख्य बाजार व श्याम मंदिर के सामने श्याम कुंड के पास होते हुए श्याम बगीची पहुंची। रास्ते में जगह-जगह नव विवाहिताओं व महिलाओं ने मां गणगौर की पूजा अर्चना कर माता को भोग लगाया। गौरतलब है कि पारीक हाउस से ईशर गणगौर व ब्रह्मा जी की सवारी हर वर्ष निकलती है इसके साथ ही सेवक परिवार के द्वारा भी एक गणगौर निकाली जाती है जो श्याम मंदिर से शुरू होकर वापस श्याम मंदिर पास सम्पन्न होती है, मां गणगौर की शाही सवारी देखने के लिए स्थानीय निवासीगण के साथ साथ आस पास के ग्रामीण इलाकों से भी महिलाएं भी दर्शन हेतु आतीं हैं।

सामूहिक हनुमान चालीसा और भजन संध्या आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ लक्ष्मणगढ़। नवसंवत्सर आयोजन समिति की ओर से श्री विजय रघुनाथ जी के मन्दिर के महन्त दिलीप दास महाराज के सानिध्य में नवसंवत्सर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभुदयाल इन्दोरिया, मुरारी लाल मिश्रा ने दीपक से रोशनी की तथा आयोजन समिति के मंत्री संजय जोशी व कमल शर्मा ने आगंतुकों का तिलकार्चन कर स्वागत किया। जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह सूरजभान बीजला ने हिन्दू नववर्ष के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर आयोजित संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे। आयोजन समिति के जयप्रकाश सरावगी व लक्ष्मीनारायण खाटुवाला ने आभार व्यक्त किया।

लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जीवंत की राजस्थान की लोक कला और संस्कृति

कनक निर्वाण चुनी गई मिस गणगौर

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। श्री महादेव नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित गणगौर उत्सव में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजस्थान की लोक कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोक कला और संस्कृति को जीवंत रखने का प्रयास किया। सिटी डिस्पेंसरी नंबर 2 के पीछे आयोजित गणगौर उत्सव में स्थानीय कलाकारों सहित अतिथि कलाकारों और बालिकाओं द्वारा लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ रिटायर्ड अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ तथा भाजपा नेत्री मधु कुमावत ने गणेश जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राजस्थानी परिधान के तहत मिस गणगौर की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें बालिकाओं और युवतियों ने शानदार परफॉर्मेंस देकर जमकर तालियां बटोरी, वहीं राजस्थानी लोक परंपरा से जुड़े नृत्य का भी आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में सोनू शेखावत द्वारा सांपों के साथ करतब अग्नि नृत्य सहित कई शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। स्थानीय कलाकार अभिषेक शमसु ने शानदार गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला कलक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के चलते राजस्थान की लोक परंपरा और संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। गणगौर उत्सव का आयोजन निश्चित रूप से लोक संस्कृति को बचाने का एक अनूठा और शानदार प्रयास है भाजपा नेता डॉ बीएल रणवा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर के अध्यक्ष राजेश सैनी ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम आयोजकों को शानदार आयोजन पर बधाई दी।

श्री विद्या पंचांग का विमोचन, 51 प्रतिभागियों व 21 प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। ब्रह्मलीन आचार्य नटवरलाल जोशी की स्मृति में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली और मीडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली में परंपरागत पंचांग प्रशिक्षण की गुरु शिष्य विषयक नव दिवसीय ज्योतिष, पौरोहित्य, वास्तु व पंचांग के आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह रविवार को श्री मुरली मनोहर मंदिर प्रांगण में नव संवत्सर, दीक्षान्त, श्री विद्या पंचांग विमोचन, 51 प्रशिक्षुओं का व 21 प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन समारोह 22 मार्च को श्री ऋषिकुल विद्यापीठ जबकि प्रशिक्षण शिविर एसडीएम कोर्ट के पास स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण मंगल भवन में तथा प्रशिक्षुओं की कार्यशाला 29 मार्च को शेखावाटी विश्वविद्यालय कटराथल सीकर में आयोजित हुई। शिविर का समापन 30 मार्च रविवार को मुरलीमनोहर मंदिर में समारोह पूर्वक हुआ।कार्यशाला में प्रतिभागी, प्रशिक्षकों के साथ ही नगर की गुरु-शिष्य परंपरा के विद्वानों का नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रायोगिक सत्र रहा। जिसमें श्री रघुनाथ जी के मन्दिर तथा श्री दानव दलन हनुमान मंदिर में सामूहिक रूद्री पाठ, स्वस्ति वाचन, संस्कार पद्धति आदि मंत्रोच्चार किया। यह जानकारी देते हुए आयोजक शशिकांत जोशी ने बताया कि रविवार को कार्यशाला के समापन सत्र दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि ब्रिटेन प्रवासी डॉ. निरुपमा उपाध्याय थी। डॉ. उपाध्याय ने आचार्य जोशी के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए अपना वक्तव्य का दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश जोशी ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि सूचना व जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक राजकुमार पारीक, शेखावाटी सन्मार्ग के सम्पादक शशिकांत जोशी थे। आरम्भ में पंडित चंद्र शेखर जोशी, बलराम इंदौरिया, चंद्र प्रकाश चांदोलिया, गोवर्धन शास्त्री ने मंगलाचरण किया। श्री विद्या पंचांग के संपादक आचार्य महेंद्र ने पंचांग वाचन किया ।

जबकि विधुत निगम के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता गणनाथ मिश्र तथा विशंभरलाल जोशी ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान नीम की कौंपल का विशेष परम्परागत पद्धति से बना प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मनोज पाराशर, शम्भू बील, सुरेश बागड़ी, बजरंग बागड़ी, अनंत राम सेन, सुखदेव पारीक, सज्जन पारीक, कमलेश मिश्र, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महेश शर्मा, मंत्री दिनेश मारोठवाला, सत्यनारायण नाहरिया, अविनाश मुद्गल, जयप्रकाश शर्मा, सुरेंद्र इंदौरिया यादव शास्त्री, रमाकांत मिश्रा, जगदीश पुजारी, संजय चोटिया, अनूप खुड़ीवाला, प्रभु इंदौरिया, गिरधारी खरादी, सुशील महर्षि, शुभकरण पुजारी, विकास तुनवाल, रवि प्रकाश कुमावत, विकास कुमार, रवि जैन, अविनीश मुद्गल, पवन सैनी, विजय नाहरिया आदि मौजूद थे।आरंभ में अमित शर्मा के नेतृत्व में सामूहिक प्रार्थना श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन का पाठ किया गया।

आयोजन में डॉ राजेश शर्मा, डॉ. दिनेश कस्बा बीसीएमओ ने अपनी शुभकामना प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन आशीष जोशी ने किया।

पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने ईद की मुबारकबाद

मॉर्निंग न्यूज @ निंबाहेड़ा। राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना द्वारा ईद उल फितर के अवसर पर ईद मिलन समारोह कार्यक्रम निंबाहेड़ा में सोमवार को आर.एस. ई.बी.चौराहा उदयपुर रोड पर स्थित ईदगाह पर आयोजित किया गया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने ईद उल फितर के अवसर पर आयोजित ईद मिलन समारोह कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में यहां उपस्थित मुस्लिम भाइयों से ईद की नमाज़ के बाद गले मिलते हुए उन्हें ईद उल फितर की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने ईद उल फितर के मुबारक मौके पर कहा कि हम सब भाइयों को ईद का ये पाक और पवित्र त्यौहार को आपस में मिलजुलकर बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा,क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाललाल आंजना, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल, पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष परवेज अहमद, ओकाफ कमेटी के सदर एवं पालिका के निवर्तमान पार्षद सलीम, पूर्व विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद रवि प्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद मनोज पारख, विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोहर सिंह मीणा, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नुसरत खान,पूर्व जिला कांग्रेस सचिव लक्ष्मण सिंह सोलंकी,ज़िला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अच्छू खान, निवर्तमान पालिका पार्षद अतीक खान, जावेद खान, कालू कुमावत, राजेश सांड,शमशू कमर, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिग्वेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व पार्षद फ़हीम खान बक्षी, अहमद हुसैन, मानक साहू, शांतिलाल लाड़ना एवं रशीद खान, मोती पुरुस्वानी, आशीष टांक, विकास धाकड़, बाबू खान मेव, मामूर खान मेव, शरीफुद्दीन मंसूरी, श्रवण आंजना, आशुतोष टांक, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों से जुड़े समस्त पदाधिकारी एवं गणमान्य इत्यादि उपस्थित थे।

स्यालोदड़ा में धाणका समाज की मासिक बैठक आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ पाटन। स्यालोदड़ा ग्राम पंचायत में अखिल भारतीय आदिवासी समाज सीकर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हजारी लाल देहरान ने की। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में खासतौर पर हिंदू नववर्ष स्नेह मिलन समारोह के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ।

अफीम उपज की खरीद आज से होगी शुरू

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। राजस्थान के अफीम काश्तकारों द्वारा फसल वर्ष 2024- 25 के दौरान उगाई गई अफीम उपज, जिसमें अफीम गोंद तथा बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस दोनों शामिल हैं। खरीद का काम 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रहा है। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा नरेश बुंदेल ने बताया कि आजादी के बाद से राजस्थान में अफीम की खेती के नियन्त्रण तथा अफीम फसल खरीद का काम भारत सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेन्सी केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा किया जाता रहा है। यह काम केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा जिला अफीम अधिकारी कार्यालयो के अन्तर्गत स्थापित 8 अफीम कृषि प्रभागों भीलवाड़ा, चित्तौडगढ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, झालावाड, कोटा, प्रतापगढ प्रथम एवं द्वितीय के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल अफीम फसल खरीद के लिए जिला-बारॉ, भीलवाडा, झालावाड, कोटा में एक-एक, जिला-प्रतापगढ में दो तथा जिला-चित्तौडगढ में तीन अफीम तौल तथा खरीद सेन्टर बनाए गए है। जिसमें लगभग 28 हजार पॉच सौ काश्तकारों से अफीम गोंद उपज तथा लगभग 13 हजार छह सौ. काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस उपज की खरीद की जाएगी।

खान मोहल्ला की महिलाओं ने इंसाफ की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

ईदगाह में गूंजा 'हमें इंसाफ चाहिए' का नारा, सभापति आसिफ खान और उनके भाई पर लगाए आरोप

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी। शहर में ईद-उल-फितर की खुशियों के बीच खान मोहल्ला की महिलाओं ने इंसाफ की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ईद की विशेष नमाज अदा होने के बाद, खान मोहल्ला स्थित ईदगाह में महिलाओं ने विरोध-प्रदर्शन कर नगर परिषद सभापति आसिफ खान और उनके भाई, पूर्व पार्षद आरिफ खान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिलाओं का कहना था, हमारे लड़कों के साथ बहुत गलत हुआ है, हमें इंसाफ चाहिए! उन्होंने सभापति और उनके भाई आरिफ खान पर साजिश के तहत मोहल्ले के निर्दोष युवकों को झूठे मामलों में फंसाने का आरोप लगाया। इस दौरान ईदगाह परिसर में पूर्व उपमुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी, एसडीएम सुनील चौधरी, एएसपी नेमीचंद खारिया, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद विश्नोई और थानाधिकारी सतपाल सिंह भी मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की, जिस पर महेंद्र चौधरी ने कहा, आप धैर्य रखें, अंत में सब ठीक होगा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि सभापति आसिफ खान और उनके भाई आरिफ खान ने मोहल्ले की आपसी नाराजगी और अफवाहों को आधार बनाकर चार युवकों को पुलिस से पाबंद करवा दिया। महिलाओं का कहना था कि ईद के दिन हुड़दंग करने की कोई योजना नहीं थी, लेकिन फिर भी युवकों को गलत तरीके से निशाना बनाया गया।

'पेनड्राइव की कहानी मनगढ़ंत' - निष्पक्ष जांच की मांग : विरोध कर रही महिलाओं ने दावा किया कि 2024 में कुचामन के बहुचर्चित लारेंस गैंग फिरौती मामले में पुलिस द्वारा चार्जशीट में जिस पेनड्राइव का जिक्र किया गया है, वह कहानी पूरी तरह से मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि यह युवकों को फंसाने की एक साजिश है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

आसिफ पर लगाया सत्ता के दुरुपयोग का आरोप : प्रदर्शन में शामिल खान मोहल्ला के निवासियों ने कहा कि जब से आसिफ खान सभापति बने हैं, तब से इलाके में समस्याएं बढ़ गई हैं।

सफाई, बिजली और पानी जैसी मूलभूत जरूरतों की अनदेखी की जा रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि सभापति और उनके भाई केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगे हैं और जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रखते। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने फिरौती मामले में चार युवकों की गिरफ्तारी के बाद शहर में उनकी परेड निकाले जाने की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि, बगैर अपराध साबित हुए और बिना किसी ठोस सबूत के ऐसा करना गलत था और इसके पीछे भी सभापति और उनके भाई की साजिश थी। निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर बनेवील का नीमकाथाना दौरा

मॉर्निंग न्यूज @ पाटन। नीमकाथाना के शाहपुरा रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के नीमकाथाना प्रभारी सुरेन्द्र बनेवील और जिलाध्यक्ष सुनिता गठाला का स्वागत विधायक सुरेश मोदी द्वारा किया गया। उन्हें साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद ब्लॉक अध्यक्षों, सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों, पार्षदों, कार्यकारिणी सदस्यगण, मण्डल अध्यक्षों और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया।विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि नीमकाथाना कांग्रेस के कार्यकर्ता बेहद मजबूत हैं और हमेशा पार्टी के लिए तत्पर रहते हैं।

गणगौर श्रृंगार पर्व 2025 का आयोजन

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी। भारतीय संगीत सदन संस्थान कुचामन सिटी के तत्वावधान में सर्वसमाज की महिलाओं द्वारा श्रृंगार पर्व का आयोजन किया गया। संयोजक मुरारी गौड ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पुलकित गुप्ता एवं डॉ. साक्षी गुप्ता तथा समारोह अध्यक्ष युवा नेता आशीष चौधरी विशिष्ट अतिथि डॉ. विजयकुमार गुप्ता एवं डॉ. कल्पना गुप्ता एवं विनोदकुमार आचार्य व

संगीत सदन के संरक्षक श्यामसुन्दर मंत्री ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। संगीत सदन की प्रशिक्षुओ द्वारा गणगौर गायन की प्रस्तुति कविता शर्मा, टविंकल शर्मा, टविंकल चौधरी द्वारा दी गयी। इस प्रतियोगिता में 22 प्रतियोगियो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में गवरी प्रतियोगिता में को प्रथम को 1500/- रूपये नकद व प्रशस्ति पत्र गवरी द्वितीय को 1000/- रूपये गवरी तृतीय को 500/- रूपये नकद प्रदान किये गये। गणगौर प्रतियोगिता में नगर की सर्वाधिक सुन्दर सोलह श्रृंगारित महिला जिसमें प्रिया मोगिया प्रथम 3100/- द्वितीय स्थान पर मोना आचार्य व मोनिका मील 2100/- रूपये तथा रोहिणी जांगीड तृतीय 1100/- रूपये तथा इसर गणगौर में श्रृंगारित दम्पति अभिषेक कुमावत व संजु कुमावत प्रथम रहे जिनको 2100/- रूपये नकद व प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रतियोगिता में लक्की ड्रा के तहत पांच महिलाओं को चांदी के सिक्के दिये गये। गायन व नृत्य में भाग लेने वाली महिलाओं को गिफ्ट दिये गये। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में सीमा मेहरोलिया घनश्याम सैनी, नीतूराजसिंह थे। कार्यक्रम में घनश्याम गौड, शिवकुमार अग्रवाल, श्यामसुन्दर मंत्री, बनवारीलाल मोर, मनोज जोशी, पार्षद बबलू, प्रदीप आचार्य, भानुप्रकाश औदिच्य, असलम, प्रकाश दाधीच, सुनिल माथुर, मधुसुदन पारीक, महेन्द्र मिश्रा, मुकेश राजपुरोहित, श्यामसुन्दर सैनी, कमल गौड, विमल पारीक , रविकान्त शर्मा, मिन्टू गौड, कृष्णा मंत्री, हेमा गटटणी, आरती सर्वा, अन्नपूर्णा कुमावत, उमा गौड उपस्थित थे।

राजसी ठाठ और शान-ओ-शौकत से निकली ईसर-गणगौर की शाही सवारी

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामन सिटी। सुहाग के पर्व गणगौर के दिन शहर में भोलावणी परंपरागत रूप से उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कुचामन फोर्ट से ईशर गणगौर की सवारी शाही शानो शौकत के साथ निकाली गई। सबसे पहले कुचामन गढ़ में गणगौर माता की भव्य आरती मुख्य अतिथि राज्य मन्त्री विजय सिंह चौधरी, विशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह बांसा, विशिष्ट अतिथि सोहन सिंह कुचामन फोर्ट व मनोज जोशी भामाशाह, श्रीसेवा समिति अध्यक्ष उमेश शर्मा सर्राफ, समाजसेवी श्यामसुंदर मंत्री, कुंजी बिहारी जोशी, शिव कुमार अग्रवाल, सुशील काबरा, नानजी झवर, पार्षद ललिता पारीक, अशोक कुमार मोर, मिन्टू गौड़, पूर्व पार्षद सुशीला जोशी, आदि के द्वारा की गई। इसके बाद निकाली गाजे बाजे, ऊंट, घोड़े, जिप्सियों के साथ धान मण्डी, सदर बाजार, गोल प्याऊ, बस स्टैण्ड, अम्बेडकर सर्किल होते हुए आथुरना दरवाजा पहुंची। यहां पर समाजसेवी वैद्य श्याम स्वरूप गौड़ ने सभी ऊंट घोड़ों बैंड बाजे के चालकों सहित कई लोगों ने साफा बंधवा कर स्वागत किया। यहां से होकर निकली सवारी के साथ चल रहे सजे-धजे घोड़े, ऊंट राजसी वैभव को याद दिला रहे थे। मार्ग में महिलाओं और युवतियों ने पारंम्परिक रूप से गणगौर के ज्वारे अर्पित कर धन-धान्य, दीर्घायु, सुख शांति के साथ अखंड सौभाग्य की कामना की। ईशर गणगौर की सवारी के गढ़ लौटने के बाद भी देर तक चले इस मेले का आकर्षण सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। किले से निकलने वाली गणगौर शोभायात्रा में 21 खुली जिप्सी में सवार होकर भ्रमण किया गया। इस दौरान राजपूत समाज के लोगों द्वारा ड्रेस कोड पहनकर हाथों में तलवार लिए, सिर पर केसरिया साफा लगाए मेले की शान बढ़ा रहे थे। जुलूस के दौरान 101 जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया साथ ही 50 जगह पर शीतल व शरबत आदि की व्यवस्था की गई। गणगौर के जुलूस में बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी मौजूद रहे। इस दौरान जुलूस में रामावतार गोयल, नन्दलाल मोर, श्रीकंवर सर्राफ, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम गट्टानी, सम्पत सोमानी, रंगनाथ काबरा, डॉक्टर सुशील शर्मा, सुनील सोनी, विमल पारीक, श्रीपाल सिंह रसाल, सुभाष पहाड़िया, अशोक पाराशर, रणजीत सिंह, श्यामलाल गौड़, नवल किशोर, गौड़, चतुर्भुज शर्मा, कैलाश चन्द शर्मा, अनंत तिवाड़ी, गजानंद स्वामी, हेमन्त पारीक,रमेश पाराशर, विजय पारीक, सुरेन्द्र गौड़ ललित सेन, गिरिराज राठी, शिंभूदयाल जोशी, राजू पाराशर, मोनू पाराशर, मांगीलाल शर्मा, जेपी खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।